# तेज आवाज के डीजे साउंड मचा रहे शोर

**खास बातें**

- थम नही रहा समारोह में डीजे साउंड का शोरगुल
- तेज ध्वनि से लोगों को होती है परेशानी
- विद्यार्थियों की परीक्षा की तैयारी में बन रहे बाधा



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 11 फरवरी, क्षेत्र में इन दिनों कई कार्यक्रमों में तेज आवाज में डीजे साउंड शोर मचाते दिखाई देते है. कई बार कार्यक्रमों के दौरान तेज आवाज में डीजे साउंड आदि का उपयोग किया जाता है. तो कई बार देर तक इन डीजे साउंड को बजाया जाता है. तेज आवाज में बजने वाले डीजे साउंड का शोरगुल लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है. वही इसके कारण बीमारियों से जूझ रहे मरीजों, बच्चों, बुजुर्गों आदि को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है. तो वही डीजे साउंड की तेज ध्वनि छात्रों की परीक्षा की तैयारी में बाधा बन रहे है.**

क्षेत्र में शादी समारोह, बारात एवं विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान तेज आवाज में डीजे साउंड आदि का उपयोग किया जाता है. कई बार तो इन कार्यक्रमों में देर तक डीजे साउंड का उपयोग होता है. इन डीजे साउंड का शोरगुल लोगों की परेशानी का सबब बन जाता है. जिसके कारण लोगों को खासी परेशानी होती है. खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चों एवं बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को इसके कारण काफी परेशान होना पड़ता है. लेकिन इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है. क्षेत्र में कई बार कार्यक्रमों में गार्डनों एवं स्थानों पर तेज आवाज में साउंड और डीजे का शोरगुल सुनाई देता है. लेकिन इस ओर न तो आयोजकों द्वारा ध्यान दिया जाता है, न ही गार्डन संचालकों द्वारा ध्यान दिया जाता है. लोग मनमर्जी पूर्वक तेज आवाज में इनका उपयोग करते हैं. इस दौरान उनके द्वारा निर्धारित मापदंडों का भी कोई पालन नहीं किया जाता है. शोरगुल करते डीजे लोगों की नींद, चैन छीन लेते है.

वही चंद रुपयों के लालच में डीजे संचालक भी तेज आवाज में डीजे का उपयोग कर ध्वनि प्रदूषण करते हैं. क्षेत्र में इन दिनों शादी, बारात सहित अन्य कार्यक्रमों में डीजे के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है. यही वजह है कि शादी-विवाह, बारात, उत्सवों में सड़कों पर घंटों तक लोग डीजे की धुन पर थिरकते नजर आते हैं. वहीं मैरिज गार्डनों एवं अन्य कार्यक्रम स्थलों में देर तक तेज ध्वनि में डीजे के साउंड से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है. उसके बाद भी डीजे की तेज आवाज पर कोई प्रतिबंध दिखता नजर नहीं आ रहा है. नागरिकों ने मांग की है कि डीजे साउंड के शोरगुल पर शीघ्र प्रतिबंध लगाया जावे.

### छात्रों की परीक्षा की तैयारी में बन रहे बाधा

इन दिनों छात्र-छात्राएं परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुए हैं. ऐसे में शादी समारोह एवं आयोजनों में बजने वाले तेज आवाज के डीजे एवं साउंड के शोरगुल से छात्र छात्राओं को परीक्षाओं की तैयारी करने में परेशानी होती है. एवं उनका अध्यापन कार्य प्रभावित होता है. खासतौर पर गार्डनों, धर्मशालाओं, प्रमुख रास्तों के आसपास रहने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी होती है.

### बेधड़क हो रहा तेज आवाज में डीजे का उपयोग

इन दिनों शादी, बारात, उत्सव एवं आयोजनों में बेधड़क होकर डीजे साउंड का तेज आवाज में उपयोग किया जाता है. जिससे लोगों को असुविधा होती है. ध्वनि विस्तारक यंत्रों की तेज आवाज के कारण लोगों को खासी परेशानी होती है. खासतौर पर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों, बच्चों एवं बुजुर्गों को डीजे साउंड आदि के शोरगुल के कारण काफी परेशान होना पड़ता है. लोग मनमर्जी पूर्वक तेज आवाज में इनका उपयोग करते रहते हैं.

# परीक्षा के बीच शादियों का शोर, गाइडलाइन के बावजूद गूंज रहे डीजे

### रात 10 बजे की समय-सीमा के आदेश, छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर



नवभारत न्यूज

**सांची 11 फरवरी, इन दिनों नगर में शादी-ब्याह का मौसम चरम पर है. जगह-जगह शादी गार्डन भरे हुए हैं और बैंड-बाजों व डीजे की धुनों पर युवक-युवतियां थिरकते नजर आ रहे हैं. इसके साथ ही तेज आवाज में आतिशबाजी से भी नगर देर रात तक गूंज रहा है. इतना ही नहीं बाहरी लोग भी इस ऐतिहासिक स्थल से शादी ब्याह करते दिखाई दे जाते है.**

इधर स्कूली छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं. ऐसे में देर रात तक बजने वाले डीजे और ऊंची ध्वनि विस्तार यंत्रों की आवाज विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा बन रही है. न्यायालय द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के लिए गाइडलाइन जारी की जा चुकी है और जिला कलेक्टर द्वारा भी परीक्षाओं के मद्देनजर तेज ध्वनि पर प्रतिबंध के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का प्रभाव नजर नहीं आ रहा.

इस संबंध में सांदीपनि विद्यालय सांची के प्राचार्य अनिल दीक्षित ने कहा कि इन दिनों छात्रों की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं. शादी-ब्याह में ध्वनि विस्तार यंत्रों के अत्यधिक उपयोग से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। सालभर की मेहनत पर इसका विपरीत असर पड़ सकता है. ध्वनि यंत्रों के उपयोग की स्पष्ट समय-सीमा तय कर उसका सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए. नगरवासियों का मानना है कि उत्सवों की खुशियां अपनी जगह हैं, लेकिन छात्रों के भविष्य और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है.

### निर्देश दिये जा चुके हैं- थापा प्रभारी

वहीं थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार रात 10 बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध है. सभी संचालकों को पूर्व में निर्देश दिए जा चुके हैं. यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

**एक नजर में**

### एक्पोजर विजिट किया छात्र छात्राओं ने

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़,** शासकीय पीएम श्री बालक माध्यमिक शाला हैदरगढ़ द्वारा एक्सपोजर विजिट के लिए विद्यालय द्वारा बस के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं को ले जाया गया छात्र छात्राओं को एक्पोजर विजिट के लिए उदयपुर ले जाया गया छात्र छात्राओं के लिए खाने एवं नाश्ते की व्यवस्था भी की गई एक्पोजर विजिट में शाला प्रभारी कल्पना भावसार शिक्षिका सुनीता लखेरा शिक्षक जयप्रकाश साहू नरेंद्र शर्मा आदि ने छात्र छात्राओं को एक्पोजर विजिट कराया.

### दिव्यांग बच्चों शिविर में दिये उपकरण

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखंड स्तरीय उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा. इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विधानसभा संयोजक विनोद जैन, मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, बीओ कमलसिंह बागड़ी, बीआरसी शम्भूदयाल विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी वरुण चौबे, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव, कन्या विद्यालय प्राचार्य राकेश चौबे सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे. अतिथियों द्वारा दिव्यांग बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया गया तथा बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# किसानों को मिल रही आधुनिक कृषि की जानकारी

### कृषकों को नरवाई प्रबंधन के बारे में बताया



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रह है. इसके उपलक्ष्य में विकासखंड सिरोंज में विभिन्न ग्रामों में कृषि रथ चलाकर कृषकों को कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि वैज्ञानिक, सहकारिता विभाग, कृषि उपज मंडी के अधिकारी अपने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं.**

कृषि रथ में कृषि महाविद्यालय गंजबासोदा से आये कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को आधुनिक, तकनीकी कृषि एवं नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही हैं. सिरोंज क्षेत्र में बुधवार को कृषि उपज मंडी सिरोंज, ग्राम करीमाबाद एवं ग्राम कांजीखेड़ी में कृषि रथ पहुंचा. इस दौरान अधिकारियों ने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी. कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रीति चौहान ने कृषकों को तकनीकी खेती एवं जैविक खेती के माध्यम से कृषि को लाभकारी बनाने हेतु विभिन्न जानकारी दी. साथ ही तकनीकी कृषि यंत्रो के माध्यम से नरवाई प्रबंधन करने एवं नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में कृषकों को बताया. इस दौरान कृषि रथ जिला नोडल अधिकारी पशुपालन विभाग के डॉ. नरेन्द्र शुक्ला, कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रीति चौहान, कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज कुमार धाकड़, कृषि विभाग के एईओ शुभांकर दुबे, उद्यानिकी विभाग के आरएचईओ शिवम अहिरवार, पशुपालन विभाग के सी.पी. महेश्वरी एवं मंडी सचिव लक्ष्मीनारायण भिलाला ने भी किसानों को विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी.

# नौघई में विकास को मिली रफ्तार

### तीन करोड़ की लागत से बनने वाली दो प्रमुख सड़कों का भूमिपूजन संपन्न

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, ग्राम नौघई में आज विकास कार्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया. नौघई से टपरा सागर तक प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सड़क का विधिवत भूमिपूजन किया गया. इसके साथ ही नौघई में मुख्य मार्ग से हायर सेकेंडरी स्कूल तक विधायक विशेष निधि से स्वीकृत लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भी भूमिपूजन संपन्न हुआ. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही. भूमिपूजन के बाद ग्रामीणों में हर्ष का वातावरण देखा गया. विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से जहां ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी.**

वहीं विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में भी काफी राहत मिलेगी. साथ ही क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों और सामाजिक संपर्क को भी बढ़ावा मिलेगा. ग्रामीणों ने इस पहल को क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

### आज कार्यकर्ताओं का वादा पूरा

विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जो ग्रामीणों से वादा किया था। वह आज पूरा हो रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच को उजागर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जन-मन योजना का उद्देश्य देश के दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है. भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है, ताकि अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे. केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर डबल इंजन की ताकत से गांव-गांव में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रही हैं. उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर आधारित है. हम केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम देने में विश्वास रखते हैं. कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री डॉ मनमोहन यादव और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित विधायक हरि सिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों के प्रति समर्थन जताया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री रघुवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति रघुवंशी, सरपंच श्रीमती अनीता रघुवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह, एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे.



# पंडित दीनदयाल को किया याद

नवभारत न्यूज

**पठारी, सुबह बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता फार्म चौराहा पर स्थित भाजपा कार्यालय में एकत्रित हुए. यहां पर उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए.**

भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर, जिला कार्यकारणी सदस्य राकेश सिंघई, अरुण सहेले, संजय जैन, पदम सिंह ठाकुर, माखन सिंह ठाकुर आदि ने उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए एकात्म मानववाद से जुड़ी उनकी विचारधारा की जानकारी दी. भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर ने समर्पण दिवस की जानकारी दी. इस अवसर पर मंडल महामंत्री अखिलेश पंथी, पूर्व मंडल महामंत्री अमित सहेले, इंद्राज सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे.

### नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना दीपनाखेड़ा में दर्ज अपराध क्रमांक 19/2026 की विभिन्न धाराओ का फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वालो को दस हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है. सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जावेगा.

# डी-मार्ट का विरोध, 13 को विदिशा बंद का ऐलान

नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर में प्रस्तावित डी-मार्ट स्टोर के विरोध में स्थानीय व्यापारियों का आंदोलन तेज हो गया है. बुधवार को शहर के प्रमुख बाजारों में व्यापारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और बड़े रिटेल स्टोर्स के खिलाफ नारेबाजी की. व्यापारियों का आरोप है कि बड़े कॉर्पोरेट मॉल खुलने से छोटे दुकानदारों का रोजगार प्रभावित होगा और पारंपरिक बाजार व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा. संघ पदाधिकारियों का कहना है कि पहले से ही ऑनलाइन शॉपिंग और बड़े शहरों की प्रतिस्पर्धा के कारण छोटे दुकानदार आर्थिक दबाव झेल रहे हैं, ऐसे में डी-मार्ट जैसे बड़े स्टोर उनकी आजीविका के लिए खतरा बन सकते हैं.**

**13 को बंद करने आव्हान-व्यापारिया**

प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा. इसी क्रम में व्यापारिक संगठनों ने 13 फरवरी को विदिशा बंद का आह्वान किया है. बंद के समर्थन में कई बाजारों की दुकानें स्वेच्छा से बंद रखने की घोषणा की गई है. हालांकि, कुछ उपभोक्ताओं का मानना है कि बड़े स्टोर खुलने से सामान सस्ते दामों पर उपलब्ध होते हैं, जिससे आम लोगों को फायदा मिलता है. इस पर व्यापारियों का कहना है कि सस्ते दामों की यह व्यवस्था लंबे समय में स्थानीय बाजार को खत्म कर देगी.

# शूटिंगबॉल वर्ल्ड कप विजेता इशिका मीना का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले की होनहार खिलाड़ी और शूटिंगबॉल वर्ल्ड कप विजेता इशिका मीना का वी टीच कॉन्वेंट स्कूल में भव्य सम्मान किया गया. विधायक मुकेश टंडन ने पुष्पमालाओं और स्मृति-चिह्न भेंट कर इशिका की ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया.**

उन्होंने कहा कि इशिका ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल विदिशा बल्कि पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है. विधायक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे भाग्यशाली हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी से सीखने का अवसर मिल रहा है.



# ब्लड बैंक की मांग रक्त सेवा समिति की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, रक्त सेवा समिति की बैठक ग्राम नरोदा में संपन्न हुई जिसमें समिति के सक्रिय सदस्य, महिला शाखा, युवा शाखा की कार्यकारिणी संयुक्त रूप से उपस्थित रहे. सभी ने सामूहिक निर्णय लिया कि, ग्रामीण क्षेत्र के सभी सेक्टर में रक्त समूह परिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे एवं समितियां का गठन करेंगे.**

साथ ही महिला दिवस के उपलक्ष में उत्कृष्ट और विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा और गंजबासौदा की नवीन अस्पताल में ब्लड बैंक हेतु स्थापना के लिए ज्ञापन देने का निर्णय किया है. इस बैठक में रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित, परवेज फजलानी, ओम प्रकाश जैन, हरि ओम भावसार, ममता जैन, श्रीमती विद्या घनश्याम यादव, राजपूत, सौमित्र तिवारी, हरी नारायण शर्मा, रविशंकर लोहिया, राजेंद्र गौर, महेंद्र रघुवंशी, मुन्नालाल दुबे, मुकेश तिवारी समित समिति के कई सदस्य मौजूद थे.

**श्रमदान** | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 के तहत 18वां चरण नदी दशा सुधारने के लिये हो रहे है जतन**

# रिपटा घाट पर सम्पन्न हुआ नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत 18वें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. ज्ञात है कि नदी जल स्वच्छता अभियान किसी एक दिन की औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि लगातार पाँच वर्षों से जारी एक जन-आंदोलन है, जिसे श्रमदान दल गंजबासौदा के समर्पित कार्यकर्ता बिना थके, बिना रुके निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं.**

हर सप्ताह घाट पर उतरकर कचरा उठाना, प्लास्टिक निकालना और नदी को उसकी मूल स्वच्छता लौटाने का प्रयास—यह सब केवल सफाई नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का कार्य है. साप्ताहिक श्रमदान अभियान का सबसे कठोर और पीड़ादायक सत्य यही है कि पाँच वर्षों की निरंतर मेहनत के बावजूद क्षेत्रवासियों में नदियों और प्रकृति के प्रति अपेक्षित जागरूकता आज भी नदारद है. आज भी वही दृश्य बार-बार सामने आता है—घरों का कचरा, प्लास्टिक, फूल-मालाएँ, पूजन सामग्री और अन्य अपशिष्ट बिना किसी संकोच के नदी में प्रवाहित किए जा रहे हैं और घाटों पर फेंका जा रहा है. एक ओर दल के लोग हर सप्ताह श्रमदान कर नदी को स्वच्छ करने में पसीना बहाते हैं, तो दूसरी ओर कुछ हाथ उसी नदी को फिर से गंदा करने में लगे रहते हैं। यह विरोधाभास अब असहज नहीं, बल्कि शर्मनाक होता जा रहा है. अब सवाल टालने का समय नहीं और न ही यह प्रश्न टालने योग्य है बल्कि खुद से पूछने का है. क्या नदी केवल श्रमदानियों की जिम्मेदारी है? क्या आस्था के नाम पर नदी को कचरा पात्र बनाना उचित है? और क्या हम सचमुच आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ सुरक्षित छोड़ रहे हैं? यदि हर सप्ताह सफाई के बाद नदी फिर से गंदी हो जाती है.



### अधिकारों की बात, कर्तव्यों से दूरी

18 वे चरण के स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान श्रमदान दल के सदस्य आकाश जैन ने समाज की मानसिकता पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि आधुनिकता के इस युग में लोग अपने अधिकारों के लिए आवाज़ बुलंद करते हैं, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के लिए लड़ते है, सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं, जन-आंदोलनों में भाग लेते हैं, लेकिन जब बात कर्तव्यों की आती है, तो वही समाज और वही लोग बगले झांकते नज़र आते हैं. समाज का यह दोहरा चरित्र पर्यावरण और नदियों के लिए बेहद दुखदायी है. उन्होंने आगे कहा कि आज आवश्यकता है कि क्षेत्रवासी केवल श्रमदान देखने वाले या श्रमदानियों की सराहना करने वाले न बनें, बल्कि नदी की पीड़ा को समझने वाले सहभागी नागरिक बनें. क्योंकि— जब तक व्यवहार नहीं बदलेगा, तब तक हर सफाई केवल एक अस्थायी प्रयास ही बनी रहेगी. साथ ही साथ यह भी कहा कि श्रमदान दल गंजबासौदा का संकल्प पूरी तरह अडिग है. नदियों की स्वच्छता का यह महाअभियान निरंतर चलता रहेगा. लेकिन नदी स्वच्छता कि लड़ाई तभी जीती जा सकेगी, जब समाज स्वयं आगे आएगा और ईमानदारी से मानेगा कि नदियां हमारी है, और उनकी स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हमारी ही है.

### 96 वर्षीय किरणबाई ओसवाल का निधन

नवभारत न्यूज



**गंजबासौदा,** स्थानीय अम्बेडकर चौक निवासी स्वर्गीय ताराचंद ओसवाल की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी डॉ. विमलचंद ओसवाल की भाभी, शिखरचंद, धर्मचंद व ज्ञानचंद ओसवाल की पूज्य माताजी श्रीमती किरणबाई ओसवाल का मंगलवार 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं. उनके निधन से ओसवाल परिवार सहित समाज में शोक की लहर दौड़ गई. स्वर्गीय श्रीमती ओसवाल का जीवन सेवा, संस्कार और श्रद्धा से परिपूर्ण रहा. वे नियमित रूप से पूजा-पाठ, जप-तप एवं धार्मिक अनुष्ठानों में संलग्न रहती थीं. उनके स्नेह, अनुशासन और संस्कारों से परिवार की कई पीढ़ियाँ संस्कारित हुईं.

शुभ हो आपकी हर सुबह, हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए और लगातार 24 घण्टे आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड
आई फोन